### एक नजर में

## सियाजीत बस्ती खेड़ा का भूमिपुजन विधिपूर्वक संपन्न





**बदनावर ।** सियाजीत बस्ती खेड़ा का हिंदू सम्मेलन का भूमिपूजन रविवार को शाम 5 बजे विधिविधान पूर्वक संपन्न हुआ। 11 जनवरी को होने जा रहे हिन्दू सम्मेलन वरिष्ठजनो की मार्गदर्शन में कई कई धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। आयोजन को लेकर युवा कार्यकर्ता द्वारा गांव में धार्मिक वातावरण के लिए रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें अलग अलग टीम गठित कर जवाबदारियां भी दी गई। आयोजन शासकीय हाई स्कूल खे?ा के समीप रविवार सुबह 11 बजे होगा होगा। सकल हिन्दू समाज कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन को लेकर युवाओ द्वारा घर घर जाकर पीले चावल के साथ निमंत्रण पत्र भी दिया जाएगा जिसमें माता बहने एवं सभी ग्राम वासियो को हिन्दू सम्मेलन में आमंत्रित किया जा रहा है।प्रतिदिन संध्या रैली निकलेगी जिसमें महिला पुरुष समेत बच्चे अपनी अपनी टोलियों के साथ धार्मिक गीतों और भजनों के साथ गांव में निकलेंगे।आयोजन के पश्चात सहभोज की व्यवस्था भी रखी गई है।

## शीतलहर के दृष्टिगत विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन

**धार .** कलेक्टर के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, धार द्वारा जिले में तापमान में निरंतर गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार धार जिले के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदानप्राप्त, मान्यता प्राप्त, सी.बी.एस.ई. एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाएँ प्रात: 9:30 बजे से पूर्व संचालित नहीं की जाएँगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। संबंधित विद्यालय प्रबंधन को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 23 जनवरी बसंत पंचमी पर श्री श्याम महाकीर्तन एवं निशान यात्रा




**सरदारपुर ।** आगामी 23 जनवरी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्याम परिवार दसई के तत्वाधान मे एक बार फिर भव्य श्याम महा कीर्तन संपन्न होने जा रही है। इस अवसर पर होने वाले पावन आयोजन मे गुरुदेव श्री आशीष शर्मा खाटू श्याम मंदिर मल्हारग? से आशीर्वाद देने आरहे । साथ ही सुप्रसिद्ध भजन गायक राहुल सावरा दिल्ली ( बीकानेर ).भक्ति के रंग बिखेरेंगे अमित पारीख मक्सी खाटू श्याम के भजनों पर भक्तो को झूमाने के लिए आ रहे हैं भजन गायिका सोनल दीदी राणापुर बाबा श्याम के भाव बिहोर भजनों की प्रस्तुति देने के लिए आ रही है अभिषेक पलवार खुटपला अपनी मधुर वाणी से भक्तो के दिलो पर छाने के साथ ही भजन गायक प्रदीप कुमावत खुटपला भव्य कीर्तन में भक्तों को बाबा श्याम के रंग में रंगने एवं उनके दिल के तार बाबा खाटू श्याम से जोड़ने आ रहे हैं आयोजन के सम्बन्ध मे जानकरी देते हुए श्याम परिवार दसई के श्याम प्रेमियों ने बताया की बाबा के इस महाकीर्तन मे बाबा श्याम खाटू नरेश का भव्य दरबार दिल्ली की आलौकिक पुष्प माला एवं दिल्ली की लाइटो के कारीगरों द्वारा सजाया जायगा. आयोजन में पुष्प वर्षा छप्पन भोग इत्र वर्षा महा कीर्तन के दौरान संपन्न होगा इसके साथ ही दोपहर 3 बजे से श्री अंबिका माता मंदिर सरदार पटेल चौक से श्याम प्रेमियों के द्वारा भव्य निशान यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नया बाजार स्थित बाबा के दरबार मैं पहुंचने पर संपन्न होगी निशान यात्रा में दसई श्याम परिवार के श्याम प्रेमी के साथ ही बाहर से पधारे हुए श्याम प्रेमियों के साथ ही आसपास गांव के श्याम प्रेमी शामिल होंगे


## सरदारपुर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया



**सरदारपुर ।** इंदौर शहर में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण 16 निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के निर्देशानुसार पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को सरदारपुर मे अम्बेडकर चौराहे पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध स्वरूप पुतला दहन किया गया एवं हादसे मे मृत नागरिको के परिजनो को 1-1 करोड रूपये की सहायता राशि प्रदान करने एवं निष्पक्ष जांच करते हुए न्याय देने की मांग की गई। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर निगम इन्दौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं वार्ड पार्षद के इस्तीफे की मांग भी की गई। पुतला दहन करते समय सरदारपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, अमझेरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भेरूसिंह बडगोता, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधी सुरेन्द्रसिंह पटेल, न.प. उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान, पूर्व न.प. अध्यक्ष ब्रजेश ग्रेवाल, चन्दरसिंह पटेल, सरदारपुर युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन गेहलोत, उपाध्यक्ष गजराज भूरिया, दसई युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हरिओम चौधरी, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष अरविन्द जाट, परवेज लोदी, बगदीराम सिंगार, मदन वसुनिया, लखन परमार, बाबु हटीला, महेश कुमावत, हरि भायल, अभिषेक काग, नमन मारू, लक्की सोनगरा, वीरू अमलियार आदि उपस्थित थे।







# जनसंवाद से समाधान तक सांसद सावित्री ठाकुर की सक्रिय पहल

- **केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने धार में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया नागरिकों से विस्तार पूर्वक चर्चा की**

**धार।** लोकसभा क्षेत्र धार-महू की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर द्वारा आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज दिनांक 5 जनवरी सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रात: 111 बजे से दोपहर 1 बजे तक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय धार में सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आमजन, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं, विकास कार्यों की प्रगति, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा स्थानीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

द्वितीय सत्र दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सांसद जनसंवाद केंद्र, रोटरी क्लब के सामने स्थित कार्यालय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सहायता, सड़क निर्माण, आगजनी से हुए आर्थिक नुकसान, बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याएं, बच्चों की गंभीर एवं लाइलाज बीमारियों हेतु सहायता, आंगनवाड़ी भवन निर्माण तथा कपास किसानों से जुड़ी समस्याओं के आवेदन मुख्य रूप से प्राप्त हुए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की इसी क्रम में ग्राम पंचायत केसरपुरा तेली के ग्राम रालामंडल के ग्रामीणों द्वारा नालावाड़ा तक के मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जोड़ने की महत्वपूर्ण मांग रखी गई। ग्रामीणों की इस आवश्यक मांग पर माननीय मंत्री महोदय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की, जिसके परिणामस्वरूप उक्त सड़क मार्ग की स्वीकृति प्राप्त हो गई। सड़क की स्वीकृति से ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है तथा क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ विकास को नई गति मिलेगी।

> सावित्री ठाकुर ने प्राप्त सभी आवेदनों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की एवं कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। धार लोकसभा क्षेत्र से लेकर भोपाल स्तर तक तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के प्रमुख सचिवों से सीधा संवाद कर आमजन एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निवारण हेतु सार्थक पहल की गई। श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनसंवाद जैसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। आमजन की आवाज को सीधे सुनना, उनकी अपेक्षाओं को समझना तथा विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।साथ ही जानकारी दी गई कि आगामी 7 जनवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन में माननीय मंत्री महोदय दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में प्रात: 111 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहेंगे,

# नगर की पांच बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन, 15000 ने एक साथ किया समरसता भोज

- **जो समाज मूल से नहीं जुड़ा है वह पतंग की तरह टूट कर बिखर जाता है**
- **हिंदू वही है जो भारत भूमि को अपनी मां मानता है : हरिओम शर्मा**



**मनावर ।** 4 जनवरी को मनावर नगर की पांच बस्तियों में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रत्येक बस्ती में बड़ी संख्या में मातृशक्ति पुरुष आदि जूटे। माधव बस्ती में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व हिंदू जागरण के सहसंयोजक हरिओम शर्मा ने कहा कि किसी ने इस देश पर तलवार के बल पर राज किया तो कोई व्यापारी बनकर इस देश में घुस आया और अपना साम्राज्य खड़ा कर यहां राज करने लगा इन्हीं विचारों को लेकर हेडगेवार जी ने 1925 में संघ की स्थापना की और हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य प्रारंभ किया। 100 वर्षों में संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना ही संघ की स्थापना का मुख्य ध्येय था। शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में महिला शक्ति का सम्मान है इसलिए हम जब भी मिलते हैं तो सीताराम या राधे कृष्णा बोलते हैं अन्य किसी धर्म में ऐसी कोई भी बात नहीं है। जो समाज मूल से नहीं जुड़ा है वह पतंग की तरह टूट कर बिखर जाता है और जो मूल से जुड़ा हुआ है वह सशक्त समाज होता है, लेकिन वर्तमान परिवेश में हमारी मूल संस्कृति को छोड़कर पश्चात संस्कृति को अपनाना अच्छी बात नहीं है।

शर्मा ने आगे कहा कि हमारी पीढ़ी किस्मत वाली है जिसने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनते हुए देखा। धारा 370 हटाई गई। हमने बाबरी ढांचे को टूटते हुए और राम मंदिर को बनते हुए तथा वहां पर रामलाल को विराजित होते हुए देखा।

> आपने हिंदू की परिभाषा को परिभाषित करते हुए कहा हिंदू वही है जो भारत भूमि को अपनी मां मानता है मंत्र पूजा करने और तिलक लगाने से हम हिंदू नहीं हो जाते हैं। कार्यक्रम को डॉ पूजा रावत ने भी संबोधित किया मंच पर त्यागी संत राम सेवक दास भी उपस्थित थे। इसी प्रकार शिवाजी बस्ती में वक्ता शालिनी शर्मा मुकेश शर्मा तथा संत भरत दास जी उपस्थित रहे। गायत्री बस्ती में नम्रता जौहरी एवं अभिषेक गुप्ता मुख्य वक्ता थे तथा संत गोपाल पुरी उपस्थित रहे। वाल्मीकि बस्ती में मुख्य वक्ता खुशबू शर्मा निर्मल आनंदीलाल मंचा सिंन रहे।

## दो दिवसीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 जनवरी से शुरू

**धार ।** मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा धार द्वारा अग्रवाल समाज धार के सानिध्य में दो दिवसीय आयोजित अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन धार स्थित श्रद्धा शगुन गार्डन में 10 से 11 जनवरी को होगा। सोमवार को सुबह अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन के पदाधिकारियों की मौजूदगी में महाराजा अग्रसेन एवं गणेश महालक्ष्मी जी का पुजन कर पंडित नरोत्तम मिश्र तनु महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्मेलन स्थल पर आयोजन समिति के मुख्य संयोजक बबनलाल अग्रवाल,अनन्त अग्रवाल,मनोहरलाल अग्रवाल,सयोंजक गोपीकिशन अग्रवाल,डॉ उमेश मित्तल, राजेंद्र मोदी डॉ. के.सी जिंदल के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन किया ।जिसके बाद सभी ने संकल्प किया कि वे दो दिवसीय इस परिचय सम्मेलन में समाज स्तर पर अधिक से अधिक रिश्ते तय कराने और अन्य व्यवस्थाओं में भी भागीदार रहेंगे। प्रत्याशियों एवं पालकों के स्वागत हेतु मालवा की परंपरानुसार व्यवस्था की गई है। सम्मेलन स्थल पर चाय एवं स्वल्पाहार के अलावा समुचित भोजन की भी व्यवस्था रखी गई है। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह ठीक 11 बजे होगा और शुभारंभ समारोह के तुरंत बाद परिचय की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर घनश्याम अग्रवाल आलू वाले,कैलाश मालक,सतीश अग्रवाल गुणावद, बंसीधर अग्रवाल,ओमप्रकाश अग्रवाल, आशीष गोयल, मुरली अग्रवाल,पराग अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विमल गर्ग, सतीशचंद्र अग्रवाल जीजा, अनिल गुप्ता, मनीष गुप्ता, मनीष अग्रवाल,महेश अग्रवाल,ओमप्रकाश अग्रवाल,घनश्याम मित्तल, कमल मिर्जापुर,रितेश अग्रवाल,बृजेश अग्रवाल,शोभा अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल रेनू अग्रवाल, कविता अग्रवाल रीना गोयल, पायल गोयल,अनीता अग्रवाल,भावना गुप्ता,राहुल अग्रवाल, पार्थ गोयल,प्रचुर गर्ग सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु, मातृशक्ति और युवा उपस्थित थे।

# वैदिक महायज्ञ भारत की भावी पीढ़ी के संस्कार के निर्माण का सशक्त उदारण

- **बीएपीएस के 1292 बाल विद्वानों ने रचा वैदिक इतिहास।**



**कुक्षी। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा वडोदरा के एतिहासिक सूरसागर झील परिसर में आयोजित वैदिक महायज्ञ न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि भारत की भावी पीढ़ी के संस्कार-निर्माण का सशक्त उदाहरण भी बना।**

इस गरिमामय अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं सांसद धार महू लोकसभा क्षेत्र श्रीमती सावित्री बहन ठाकुर की उपस्थिति ने आयोजन को राष्ट्रीय महत्व प्रदान किया। मंत्री जी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत वैदिक अनुशासन, एकाग्रता और सांस्कृतिक चेतना की मुक्तकंठ से सराहना की। उनके साथ राज्य मंत्री श्रीमती मनीषा बहन वकील एवं शिक्षाविद तेजल बहन अमीन भी मंचासीन रहीं।

> ठाकुर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है, और मुझे गर्व है कि बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था का मंदिर मेरे संसदीय क्षेत्र कुक्षी में है। और वहां सत्संग चल रहा है वहां पर अध्यात्म के पाठ पढ़ाए जा रहे जिसमें पूज्य दिव्यस्वरूप स्वामीजी और पूज्य अमृतनिधि स्वामीजी सेवा दे रहे है। मै गुरुदेव महंत स्वामीजी महाराज का आभार व्यक करती हु कि धार ज़िले में नहीं बल्कि पूरे भारत और पूरे विश्व पर आपके आशीर्वाद बरसते रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में संस्थान के वरिष्ठ संत सदगुरुवर्य पूज्य त्याग वल्लभ स्वामीजी के सान्निध्य में जनप्रतिनिधियों और संतों द्वारा दी गई आहुतियों यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। इसके पश्चात शिव तांडव नृत्य, 500 दीपों की महाआरती और मशालों से सजे परिसर ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। सच मानो तो यह दिन सूरसागर झील मंत्रों, संगीत और अध्यात्म का जीवंत केंद्र बन गई।

**एक नजर** ▶ **हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर किया भोजन, समरसता का भाव जताया**

# सामाजिक एकता, संगठन और चरित्र निर्माण राष्ट्र निर्माण का मूल आधार : सोनी





**बाकानेर ।** रविवार को श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में बाकानेर मंडल का एक भव्य एवं प्रेरणास्पद हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना का जागरण, सामाजिक समरसता का विस्तार तथा राष्ट्रहित में संगठित हिंदू समाज की भूमिका को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतथि संत श्री विवेक जी गिरी, श्री मंगलेश जी सोनी , शिक्षिका श्रीमती कविता राठोड़ राष्ट्रीय सेविका बौद्धिक प्रमुख ने भारत माता का पुजन कर दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के साथ हुआ ।कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। मुख्य अतिथि संत श्री विवेक गिरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में सनातन संस्कृति की अक्षुण्ण परंपरा, धर्म, संस्कार एवं राष्ट्र के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डालते हुए समाज को धर्मनिष्ठ एवं राष्ट्रनिष्ठ बनने का संदेश दिया।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता, के रूप में बजरंग दल प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख श्री मंगलेश जी सोनी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिंदू समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियों, सांस्कृतिक स्वाभिमान , युवाशक्ति तथा पंच परिवर्तन की भूमिका पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने सामाजिक एकता, संगठन और चरित्र निर्माण को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताया। श्री सोनी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर दुख व्यक्त करते हुए अपना विरोध जताया। राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे का संकल्प अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद पूरा हुआ ।बच्चों द्वारा लघु नाटिकाओं का मंचन किया गया जिसमें धनखेड़ी के भैया बहनों ने पर्यावरण संरक्षण के को लेकर एक लघु नाटिका की प्रस्तुति थी जिसको दर्शकों ने सराहा वही छोटी-छोटी नन्ही बालिकाओं ने नमस्ते सदा वत्सले के ऊपर अपनी प्रस्तुति दी। वही न्याय की देवी माता अहिल्यादेवी की वेशभूषा में बालिकाएं आकर्षण का केंद्र रही ।

मुख्य अतिथियों का परिचय हिंदू सम्मेलन के कोषाध्यक्ष खुशाल अग्रवाल ने दिया। विराट हिंदू सम्मेलन के संयोजक सुनील जायसवाल , सहसंयोजक बाबूलाल सिसोदिया मनोज गुप्ता , डॉक्टर अजय गुप्ता राजेंद्र पागनिश पूरब काला शशि जुनेजा निलेश गप्ता, मातृशक्ति श्रीमती रंजना कानूनगो श्रीमती बंसती मुवेल श्रीमती पिंकी बार्चे ने मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं विभिन्न समाजों प्रबुद्ध जनो का अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यद्वार पर सभी नागरिको का तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।संतजनों, मातृशक्ति, विभिन्न समाज के वरिष्ठ जनों समाज के प्रतिनिधियों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

सकल हिंदू समाज ने इस अवसर पर यह संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभक्ति के भाव को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। भारतमाता की संगीतमय आरती की प्रस्तुति अभिषेक सोनी, कैलाश काग, हर्ष खोड़े ने दी। भारतमाता की आरती के पश्चात विशाल सहभोज का आयोजन रखा गया जिसमें हजारों लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन मातृशक्ति का सहयोग रहा ।मंच का संचालन अरुण